

दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल



■ ग्वालियर ■ वर्ष: 02 ■ अंक: 341

ग्वालियर, रविवार, 15 दिसम्बर 2019

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.


## न्यूज ट्रैक

### ब्रिटेन में चुनाव जीतने वाले कनपुरिया नवेन्द्रु मिश्रा का गोरखपुर में गुजरा है बचपन

**गोरखपुर।** ब्रिटेन के संसदीय चुनाव की चमक शुक्रवार को गोरखपुर तक पहुंच गई। वहां से लेबर पार्टी के बैनर पर नवेन्द्रु मिश्रा की जीत पर गोरखपुर में भी जश्न है। नवेन्द्रु शहर के प्रख्यात हड्डी रोड विशेषज्ञ डॉ. बीबी त्रिपाठी के भांजे हैं और उनका बचपन तरंग क्रॉसिंग के पास स्थित उनके ननिहाल में गुजरा है। शुक्रवार को नवेन्द्रु मिश्रा के जीत की खबर जैसे ही डॉ. बीबी त्रिपाठी के घर पहुंची, वहां खुशी की लहर दौड़ गई। आसपास के लोगों के बधाई संदेश आने लगे। डॉ. त्रिपाठी ने बताया कि नवेन्द्रु अपनी जीत के प्रति काफी हद तक आश्वस्त थे। वे कॉलेज के दिनों में राजनीति से जुड़ गए। स्थानीय मुद्दों को लेकर लेबर पार्टी से जुड़े। छह महीने पहले से हम लोगों को उनके चुनाव लड़ने की जानकारी थी। जीत के प्रति आश्वस्त थे नवेन्द्रु ~डॉ. त्रिपाठी ने बताया कि चुनाव प्रचार के दौरान नवेन्द्रु से बातें होती रहती थीं। जीत के प्रति वे बेहद आश्वस्त नजर आ रहे थे।

**गोरखपुर में हुई है मां की शिक्षा**–डॉ. त्रिपाठी ने बताया कि उनकी मां मीनू मिश्रा की पूरी शिक्षा गोरखपुर में ही हुई। इंटर कॉलेज तक वह कॉर्मल गर्ल्स इंटर कालेज की छात्रा रही हैं। गोरखपुर विश्वविद्यालय से उन्होंने अंग्रेजी में एमए किया। उनकी शादी 1987 में कानपुर में हुई। शादी के कुछ दिन बाद उनके पति प्रभात रंजन मिश्र की नौकरी ब्रिटेन में एक चॉकलेट कंपनी में लग गई। इसके बाद वे लंदन चले गए।

**कानपुर के मूल निवासी हैं नवेन्दु**–डॉ. बीबी त्रिपाठी की पत्नी नीलरत्ना त्रिपाठी ने बताया कि नवेन्द्रु के पिता प्रभात रंजन मिश्रा कानपुर के मूल निवासी हैं। नवेन्दु का जन्म 22 अगस्त 1989 को कानपुर में ही हुआ। उसके बाद मां मीनू मिश्रा उन्हें लेकर तरंग क्रासिंग स्थित पैतृक मकान में लेकर आ गई। यहीं वे दो साल रहे। नवेन्द्रु दो साल पहले फरवरी में चचेरे भाई की शादी में लखनऊ आए थे। इसके बाद नवंबर 2017 में मीनू मिश्रा डॉ. बीबी त्रिपाठी की बेटी की शादी में गोरखपुर आई थीं।

### केजरीवाल को मिला प्रशांत किशोर का साथ, दिल्ली विधानसभा चुनाव में, आप के लिए करेंगे काम

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शनिवार सुबह ट्वीट करके दिल्ली चुनाव के संबंध में एक बड़ी घोषणा की है। केजरीवाल ने ट्वीट करके बताया है कि प्रशांत किशोर की कंपनी आई पैक दिल्ली विधानसभा चुनाव में आप के लिए काम करेगी। आपको बता दें कि बिहार में प्रशांत किशोर की आज मुख्यमंत्री नीतिश कुमार से मुलाकात होनी है। नागरिकता संशोधन कानून को लेकर जेडीयू में प्रशांत किशोर का विरोध हो रहा है क्योंकि उनकी राय पार्टी से अलग है। आप ने 2014 में यहां की 70 विधानसभा सीटों में से 67 पर जीत दर्ज की थी। दिल्ली में विधानसभा चुनाव की तारीख की जल्द घोषणा होनी है, क्योंकि 14 फरवरी, 2020 तक चुनाव समाप्त होना जरूरी है। राजनीतिक रणनीतिकार और मौजूदा समय में जनता दल(यूनाइटेड) के प्रभावशाली नेता प्रशांत किशोर आईपीएसी एडवोकेसी समूह चलाते हैं। आईपीएसी ने कहा, पंजाब के नतीजों के बाद, हमने पाया कि आप हमारे सामने अबतक के सबसे कठिन प्रतिद्वंद्वी रहे हैं। अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी के साथ काम करने को लेकर खुशी है।÷ किशोर ने 2017 में पंजाब और उत्तरप्रदेश विधानसभा चुनावों के लिए कांग्रेस के साथ मिलकर काम किया था। किशोर ने कांग्रेस की पंजाब में लगातार दो चुनावी हार के बाद वापसी में मदद की थी। मौजूदा समय में, किशोर नीतीश कुमार की अगुवाई वाले जद(यू) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हैं। जद(यू) केंद्र और बिहार में भाजपा की गठबंधन सहयोगी है। नागरिकता संशोधन बिल पर जदयू के स्टैंड से खफा प्रशांत किशोर ने बुधवार को ट्वीट कर कहा था कि नागरिक संशोधन बिल का समर्थन करने के पहले जेडीयू नेतृत्व को उन लोगों के बारे में सोचना चाहिए, जिन्होंने 2015 में उन पर विश्वास और भरोसा जताया था। हमें नहीं भूलना चाहिए की 2015 की जीत के लिए पार्टी और इसके प्रबंधकों के पास जीत के बहुत रास्ते नहीं बचे थे।

### उद्यमियों को हर मदद देंगे जिला उद्योग केंद शासन के निवेश मित्र पोर्टल से जुड़ेंगे केंद्र

**लखनऊ।** जिलों में स्थित जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केंद्र को नया नाम जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र दिया गया है। केंद्र का नाम बदलने के साथ ही प्रदेश सरकार ने केंद्र के कार्मिकों की मानसिकता बदलने की कोशिश की है। उद्योगों की स्थापना में लाइसेंसी राज को समाप्त करते हुए केंद्र को उद्यम विकास में उद्यमियों को हर तरीके से मदद मुहैया कराने का काम प्रमुखता से दिया गया है। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग के इस प्रस्ताव को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अनुमोदित कर दिया है। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग के प्रमुख सचिव नवनीत सहगल ने बताया है कि नई व्यवस्था में उद्यमियों को जिला उद्योग केंद्र के लाइसेंस राज से निजात दी गई है। उद्यमियों को केंद्र के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। घर बैठे ही वे उद्यम लगाने के लिए ऑनलाइन आवेदन करेंगे और केंद्र के अधिकारी उन्हें उद्यम लगाने में हर तरीके से सहयोग प्रदान करेंगे। उद्यमियों के अनावश्यक भागदौड़ को नई व्यवस्था में समाप्त कर दिया गया है। उन्होंने बताया है कि यूपी देश का वह पहला राज्य है जो जिला उद्योग केंद्रों को पूरी तरह ऑनलाइन कर रहा है। कलस्टर बनाने का काम करेंगे केंद्र~इस बदलाव के साथ ही केंद्र के अधिकारियों और कर्मचारियों के मूल कर्तव्यों में उद्योगों को प्रोत्साहन देकर जिला स्तरीय उद्योगों के विकास का कार्य प्रमुख रूप से शामिल किया गया है। इसके अलावा एक जनपद-एक उत्पाद (ओडीओपी) के तहत जिले के लिए चुने गए उत्पाद से जुड़ी इकाईयों को कलस्टर के रूप में विकसित करने की जिम्मेदारी दी गई है। केंद्र जिले में विभिन्न उद्यमों की स्थापना पर कार्य करेगा। साथ ही जिले में पहले से स्थापित इकाईयों की सभी समस्याओं के तत्काल समाधान की जिम्मेदारी होगी।

गुवाहाटी में कर्फ्यू में ढील

# जामिया में छात्रों ने शुरू किया परीक्षा का बहिष्कार

**नई दिल्ली।** नागरिकता कानून को लेकर पूर्वोत्तर समेत देश के कई हिस्सों में विरोध प्रदर्शन जारी है। विरोध प्रदर्शन को देखते हुए असम के कई जिलों में कर्फ्यू लगा दिया गया है। हालांकि राजधानी गुवाहाटी में शनिवार को सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक कर्फ्यू में ढील दी गई है। लेकिन बाकी जिलों में कर्फ्यू जारी है। राज्य प्रदर्शनकारियों के हिंसा पर उतर जाने के बाद बुधवार को सेना बुलाई गई थी। जनसंपर्क अधिकारी ने कहा, अबतक कुल आठ टुकड़ियां लगाई गई हैं। जिनमें एक बोगांइगांव, एक मोरीगांव, गुवाहाटी में चार और सोनितपुर में दो टुकड़ियां तैनात की गई हैं। हर टुकड़ी में करीब 70 जवान होते हैं। खोंगसाई ने बताया कि कि जहां भी सेना और असम राइफल्स की टुकड़ियां तैनात की गई हैं, वे वहां सामान्य स्थिति बहाल करने में सक्षम रही हैं और वे नागरिक प्रशासन को सहयोग करने में लगी हैं। असम में अपने इतिहास में सबसे हिंसक दौरों में एक से गुजर रहा है। वहां रेलवे स्टेशन, कुछ डाकघर, बैंक, बस टर्मिनल और कई



अन्य सार्वजनिक संपत्तियां जला दी गई हैं।

- राष्ट्रीय जनता दल ने नागरिकता संशोधन अधिनियम के विरोध में 21 दिसंबर को बिहार बंद का आह्वान करते हुए आरोप लगाया कि इसने संविधान की धज्जियां उड़ा दी हैं।
- नागरिकता कानून के विरोध में जामिया यूनिवर्सिटी में छात्रों ने शुरू किया परीक्षा का बहिष्कार, परिसर में हड़ताल की तैयारी में छात्र
- मुंबई में रहने वाले असम के लोगों ने आजाद मैदान में का किया विरोध, अभिनेत्री दीपानिता शर्मा भी विरोध प्रदर्शन में मौजूद हैं।
- विरोध प्रदर्शन को देखते हुए राज्य में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। प्रदर्शनकारियों के हिंसा पर उतर जाने के बाद सेना बुलाई गई है।
- असम की राजधानी गुवाहाटी में शनिवार सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक कर्फ्यू में ढील दी गई है।

## कांग्रेस की भारत बचाओ रैली से पहले राहुल गांधी ने कहा कहा–आईसीयू में अर्थव्यवस्था

**नई दिल्ली।** दिल्ली के रामलीला मैदान में कांग्रेस की भारत बचाओ रैली से पहले राहुल गांधी ने ट्वीट करके कहा है कि बीजेपी सरकार की तनाशाही ने अर्थव्यवस्था को आईसीयू में पहुंचा दिया है। आपको बता दें कि कांग्रेस प्रमुख सोनिया गांधी, राहुल गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी शनिवार को दिल्ली के रामलीला मैदान में भारत बचाओ रैली आयोजित हो रही है। पार्टी के शीर्ष नेता रैली को संबोधित करेंगे। कांग्रेस पार्टी ने कहा कि यह रैली मोदी सरकार की नीतियों और? नाकामियों को देश की जनता के सामने उजागर करने के लिए की जा रही है। रैली को कांग्रेस के शीर्ष नेता संबोधित करेंगे। रैली में प्रियंका गांधी वाड्रा के शामिल होने की संभावना है। रामलीला मैदान में सोनिया, राहुल और प्रियंका के बड़े-बड़े कट आउट लगाए गए हैं, जिसमें तीनों एक साथ दिख रहे हैं।

**रैली में देश की अर्थव्यवस्था और बढ़ती बेरोजगारी होंगे मुद्दे**–अहमद



पटेल, राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, केसी वेणुगोपाल, मुकुल वासनिक और अविनाश पांडे सहित कांग्रेस के कई शीर्ष नेताओं ने रामलीला मैदान का दौरा किया और शनिवार की भारत बचाओ रैली की तैयारियों की समीक्षा की। इसी बीच असम कांग्रेस ने शुक्रवार को जंतर-मंतर पर नागरिकता (संशोधन) अधिनियम के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। असम कांग्रेस ने दावा किया कि इस अधिनियम से असमिया भाषी लोग अपनी पहचान और संस्कृति खो देंगे।

**रैली के जरिए राहुल गांधी को फिर से प्रोजेक्ट करने की तैयारी**–सूत्रों के मुताबिक, इस रैली के माध्यम से कांग्रेस पार्टी की कोशिश राहुल गांधी को एक बार फिर से प्रोजेक्ट करने और उनके लिए माहौल तैयार करने की है। गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव 2019 में कांग्रेस की हार के बाद राहुल गांधी ने पार्टी के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था। रैली के आयोजन से जुड़े कांग्रेस पार्टी के नेता के मुताबिक कार्यकर्ता बड़ी संख्या में राहुल गांधी का मास्क लगाए दिखेंगे। यूथ कांग्रेस रैली में पूरी तरह से राहुल गांधी का समर्थन करते दिखेंगी। कार्यकर्ताओं के हाथ में बैनर, पोस्टर, झंडे होंगे, जो पार्टी नेतृत्व के लिए राहुल के पक्ष में माहौल तैयार करेंगे।

### कल से लागू हो जाएंगे ये चार नए बदलाव, जानें आप पर होगा क्या असर

**नई दिल्ली।** बैंकिंग, सड़क परिवहन और दूरसंचार क्षेत्र में ग्राहकों से जुड़े कई नए बदलाव 15 और 16 दिसंबर से प्रभावी हो रहे हैं। अगर आप राष्ट्रीय राजमार्गों से गुजरते हैं तो यह जान लीजिए कि रविवार से फास्टैग का नियम प्रभावी हो जाएगा। आपने अभी तक फास्टैग नहीं बनवाया है तो देर न करें। वहीं सोमवार से ट्राई के नियम लागू होंगे, जिसमें तीन दिन में नंबर पोर्ट करने का दावा है। 16 से एनईएफटी की 24 घंटे सुविधा होगी, जिससे आप किसी भी वक्त ऑनलाइन बैंकिंग लेनदेन कर पाएंगे।

**नंबर पोर्टेबिलिटी आसान होगी**–नए नियमों के बाद ग्राहक तीन कामकाजी दिन में अपने नंबर को पोर्ट कर सकेंगे। वहीं दूसरे सर्कल में नंबर पोर्ट पांच कामकाजी दिन में पोर्ट करा पाएंगे।अभी इसमें 15-20 दिन लग जाते हैं।

## प्रियंका गांधी ने कहा, बीजेपी है तो 100 रुपये किलो प्याज मुमकिन है



**नई दिल्ली।** कांग्रेस प्रमुख सोनिया गांधी, राहुल गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी शनिवार को दिल्ली के रामलीला मैदान में भारत बचाओ रैली कर रही है। इस रैली का उद्देश्य भाजपा सरकार की विभाजनकारी नीतियों को उजागर करना है। पार्टी के शीर्ष नेता रैली को संबोधित कर केन्द्र सरकार की विफलताओं और देश के नागरिकों को बांटने के कथित प्रयासों को उजागर कर रही है। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने कहा, भारत कैसा देश है? यह एक ऐसे आंदोलन से पैदा हुआ देश है, विश्व के सबसे बड़े साम्राज्य को हराने के लिए अहिंसा और प्रेम की शक्ति का इस्तेमाल किया। यह प्रेम, अहिंसा और भाईचारे का देश है।

- भारत बचाने का नारा रामलीला मैदान से निकलकर पूरे देश में जाना चाहिए। ये हम सबकी जिम्मेदारी है: सचिन पायलट
- मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कहा, केन्द्र सरकार किसानों, मजदूरों और नौजवानों की बात नहीं करती। वो बात करते हैं राष्ट्रवाद की। वो राष्ट्रवाद का पाठ कांग्रेस को पढ़ाने आए है उन्हें पता है कि उनकी पार्टी में कितने स्वतंत्रता सेनानी है।
- प्रियंका गांधी ने कहा कि हम इसके लिए उतने ही जिम्मेदार होंगे जितना कि भाजपा-आरएसएस के अहंकारी और झूठ बोलने वाले नेता।
- भारत कैसा देश है? यह एक ऐसे आंदोलन से पैदा हुआ देश है, विश्व के सबसे बड़े साम्राज्य को हराने के लिए अहिंसा और प्रेम की शक्ति का इस्तेमाल किया। यह प्रेम, अहिंसा और भाईचारे का देश है~कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी
- ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि अच्छे दिन आज कच्चे साबित हो चुके हैं। तुम्हारी फाइल में फाइल का मौसम गुलाबी है मगर ये आंकड़े झूठे है और किताबी है।
- प्रियंका गांधी ने कहा, ये कैसा देश है? यह देश प्रेम और अहिंसा का देश है। यह देश अच्छाई और सच्चाई का सपना है। यह देश लोकतंत्र को शक्ति देने वाला है। हमें इस देश को बचाना है।
- प्रियंका गांधी ने जब मैंने उन्नाव की पीड़ित परिवार की एक छोटी सी बच्ची से पूछा कि बड़ी होकर तुम क्या बनोगी तो पहले तो उसने कुछ नहीं किया लेकिन बाद में उसने कहा कि जो वकील से बड़ा होता है। यानी वह जज बनना चाहती है। जो आज अन्याय के खिलाफ नहीं लड़ेंगे, वो इतिहास में कायर कहलाएंगे।
- प्रियंका गांधी ने कहा कि हर बस स्टॉप, हर अखबार पर दिखता है।

## कानपुर पहुंचे पीएम मोदी, अधिकारियों के साथ बैठक

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को कानपुर में राष्ट्रीय गंगा परिषद की पहली बैठक की अध्यक्षता करेंगे जहां वे %नमामि गंगे परियोजना के विविध आयामों की समीक्षा करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय ने शुक्रवार को ट्वीट कर कहा कि पीएम नरेन्द्र मोदी राष्ट्रीय गंगा नदी पुनर्जीवन, सुरक्षा और प्रबंधन परिषद (राष्ट्रीय गंगा परिषद) की पहली बैठक की कानपुर में अध्यक्षता कर रहे हैं। वह इस संबंध में हुए कार्यों की प्रगति की समीक्षा करेंगे और गंगा नदी की सफाई पर चर्चा करेंगे। यह बैठक शनिवार को 11 बजे शुरू हुई।

बैठक चंद्रशेखर आजाद कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर में होने वाली है। गंगा नदी से जुड़ी परियोजनाएं मुख्य रूप से उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल, झारखंड और उत्तराखंड से संबंधित हैं। इसमें गंगा



किनारे बसे पांच राज्यों उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड व प. बंगाल के मुख्यमंत्री या उनके प्रतिनिधि हिस्सा लेंगें। इस बैठक के बाद उनके नौका भ्रमण करने की भी संभावना है।

- कानपुर में आयोजित राष्ट्रीय गंगा परिषद् की बैठक में विद्युत राज्य मंत्री आरके सिंह, पर्यटन राज्य मंत्री पीएस पटेल, पोत परिवहन राज्य मंत्री एमएल मंडाविया भी मौजूद हैं।
- पीएम नरेंद्र मोदी की अधिकारियों के साथ बैठक शुरू हो गई है। इस बैठक में यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी शामिल हुए हैं।
- बैठक से पूर्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ सीएसए विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित गंगा प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया।

### यूपी : विधानसभा सत्र में विपक्ष को जवाब देने के लिए सरकार भी तैयार

**लखनऊ।** विधानसभा सत्र छोटा जरूर है लेकिन खासा महत्वपूर्ण होगा। सरकार ने अपनी ओर से विपक्षी हमलों का जवाब देने के लिए अभी से तैयारी शुरू कर दी है। विधानसभा में दूसरा अनुपूरक बजट पास कराया जाना है। इसी में विपक्ष द्वारा कानून-व्यवस्था खासतौर पर उन्नाव कांड पर सरकार को घेरने की तैयारी है। इसके लिए सदस्यों द्वारा सदन में उठाए गए मुद्दों का जवाब संबंधित अफसरों को उसी दिन तैयार करना होगा ताकि मुख्यमंत्री जब सदन में अपनी बात कहें तो सदस्यों द्वारा उठाए गए मुद्दों का सटीक जवाब दे सकें।

## पीएम मोदी की नमामि गंगे पर आयोजित पहली बैठक पर अखिलेश का तंज–पहले भ्रष्टाचार का गोमुख साफ करें

**नई दिल्ली।** नेशनल गंगा काउंसिल की बैठक के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विशेष विमान से चकेरी पर उतरने के बाद हेलीकॉप्टर से सीएसए पहुंचे। इससे पहले चकेरी में उनका स्वागत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया। वहां से हेलीकाप्टर से पीएम ने गंगा का हवाई सर्वे कर सच्चाई परखी। सीएसए विश्वविद्यालय परिसर में चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद पीएम सीधे नेशनल गंगा काउंसिल की हो रही पहली बैठक में पहुंचे। नमामि गंगे पर आयोजित पहली बैठक पर



समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने तंज कसते हुए कहा कि नकली सफाई को झूठ का चश्मा पहनाया जा रहा है, पहले भ्रष्टाचार का गोमुख साफ करें। पूर्व मुख्यमंत्री एवं सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शनिवार सुबह ट्विटर पर नमामि गंगे काउंसिल की कानपुर में आयोजित बैठक से पहले किया तंज। कहा, नकली सफाई को झूठ का चश्मा पहनाया जा रहा है। उन्होंने पीएम मोदी को सलाह भी दी कि प्रधानमंत्री जी पहले भ्रष्टाचार का गोमुख साफ करें तक कानपुर पहुंचे। इस दौरान प्रधानमंत्री गंगा नदी की साफ सफाई से जुड़े आयामों की समीक्षा करेंगे। उनके नौका भ्रमण करने की भी संभावना है। यह बैठक शनिवार को चंद्रशेखर आजाद कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर में होने वाली है। गंगा नदी से जुड़ी परियोजनाएं मुख्य रूप से उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल, झारखंड और उत्तराखंड से संबंधित हैं। इसमें गंगा किनारे बसे पांच राज्यों उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड व प. बंगाल के मुख्यमंत्री या उनके प्रतिनिधि हिस्सा लेंगें।

## अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की प्रदेश कार्यकारिणी बैठक हुई संपन्न







पुष्पांजली टुडे

**भोपाल।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के मीडिया प्रभारी सुनील सिंह तोमर ने बताया अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रह्लाद सिंह तवर एवं महासभा के युवा प्रदेश अध्यक्ष श्री सत्येंद्र सिंह भदौरिया व दोनों शाखाओं की हुई बैठक में प्रदेश कार्यकारिणी जिला अध्यक्ष एवं संभागीय अध्यक्ष उपस्थित हुए। बैठक की अध्यक्षता प्रह्लाद सिंह तंवर ने की मुख्य अतिथि के तौर पर राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह तोमर एवं पर्यवेक्षक के रूप में राजीव सिंह चौहान उत्तर प्रदेश अध्यक्ष उपस्थित हुए।

बैठक में आर्थिक आधार पर आरक्षण को लेकर चर्चा हुई बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि प्रदेश भर में एससी एसटी एक्ट पर आंदोलन शुरू किया जाए।

**प्रदेश के सभी जिलों में एक साथ 10 जनवरी 2020 को राष्ट्रपति के नाम सौंपे जाएंगे ज्ञापन**

आंदोलन की शुरुआत 10 जनवरी 2020 को सभी जिला मुख्यालय पर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा समस्त संगठनों को लेकर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन दिया जाएगा। बैठक में भैरो सिंह चौहान राजेश सिंह कुशवाह अंगद सिंह भदोरिया, एडवोकेट धनेन्द्र चौहान (सोनू), राम कुमार सिकरवार, अशोक सिंह तोमर , जितेंद्र चौहान, अबोध तोमर संभागीय अध्यक्ष रिशु राजावत, श्याम सिंह तोमर, भरत चौहान विपिन तोमर, धर्मेंद्र चौहान, संजय राजावत, संजय राजावत अमित बैस, विपिन तोमर, हेमलता तोमर आदि लोग उपस्थित हुए बैठक में अंत में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी प्रांतीय अधिवेशन ग्वालियर में किया जाएगा।

## सम्पादकीय

# मानसिक हिंसा कतई स्वीकार्य नहीं

इक्कीसवीं सदी के भारत में यदि छात्रों को दंडित करने के लिये उनके चेहरों पर काला रंग लगाने की घटना सामने आए तो इसे शर्मनाक ही कहा जायेगा। वैसे भी विद्यार्थियों को आज के दौर में दंडित करने का औचित्य समझ में नहीं आता। नई पीढ़ी के विद्यार्थी इतने ज्यादा संवेदनशील हैं कि सार्वजनिक बेइज्जती पर तल्ख प्रतिक्रिया देते हैं। फिर भी किसी सभ्य समाज में स्कूल से जुड़े विषय में कोताही के लिये छात्र-छात्राओं को तो दंडित करने की इजाजत नहीं है। ऐसे में बच्चों का मुंह काला करना जहां दुर्भाग्यपूर्ण कृत्य है, वहीं उनका मनोबल गिराने वाला भी है। इस तरह के कृत्यों से जहां जीवन पर्यंत का दंश बच्चों के मन-मस्तिष्क में बैठ जाता है, वे हीन भावना का शिकार होकर रह जाते हैं। विडंबना है कि शहरी व ग्रामीण इलाकों के स्कूलों में बाल अधिकारों और उनमें सकारात्मक अनुशासन पैदा करने के लिये पर्याप्त जागरूकता का अभाव आज भी नजर आता है। आखिर ऐसा क्या हुआ था कि एक परीक्षा में बेहतर परिणाम न दे पाने पर हिसार के एक निजी स्कूल के कर्मचारियों ने कथित तौर पर सातवीं कक्षा के छात्र-छात्राओं के चेहरे पर दंडस्वरूप काला रंग लगा दिया। पांच छात्रों और दो छात्राओं के साथ हुई घटना बताती है कि विद्यार्थियों से व्यवहार में सामंती तौर-तरीके आज भी अपनाये जा रहे हैं। ऐसे कृत्यों से बालमन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। निन्संदेह दंडित करने के ऐसे अस्वीकार्य कृत्य कहीं न कहीं विद्यार्थियों के आत्मविश्वास को भी डिगाते हैं। यह शिक्षा के सार्वभौमिक लक्ष्यों को हासिल करने के प्रयासों में बाधक है। जिसके लिये दोषियों को दंडित किया जाना चाहिए। ऐसा होने से ही भविष्य में इस तरह की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाया जा सकता है। निन्संदेह अभिवावक भी चाहते हैं कि उनका बच्चा बेहतर प्रदर्शन करे और परीक्षाओं में अच्छा परिणाम दे। कमोबेश वे इसीलिये बच्चों को स्कूल भेजते हैं कि उनके व्यक्तित्व की कमीपेशी को स्कूल दूर करें। शिक्षा का लक्ष्य भी बच्चों में मूल प्रतिभाओं को विकसित करना होता है। मगर जरूरी नहीं है कि ऐसे लक्ष्यों को हासिल करने में किसी चूक के लिये विद्यार्थियों को दंडित किया जाये। अक्सर देखने में आता है कि शिक्षकों की मारपीट या ऐसे कृत्यों की वजह से विद्यार्थी स्कूल जाना बंद कर देते हैं। इससे ज्ञानार्जन की उत्कंठा कुंद होती है, जो उनके ज्ञान हासिल करने के मार्ग में अवरोध पैदा करती है। बच्चों के प्रति बेहद संवेदनशील होने की जरूरत है। स्कूल प्रबंधकों को भी ध्यान रखना चाहिए कि शिक्षकों की नियुक्ति के वक्त उनकी शैक्षिक योग्यता के साथ यह भी ध्यान रखना चाहिए कि वे बाल मनोविज्ञान की समझ रखते हों। निन्संदेह अनुशासन शिक्षा अर्जन का अवयव है, उसका अनुपालन होना चाहिए। मगर साथ ही उसका तौर तरीका संवेदनशील होना चाहिए, जिससे छात्रों को गलती का अहसास हो जाये और उनके स्वाभिमान को भी ठेस न लगे। हर छात्र अपने किस्म का अलग होता है। उसकी कुछ?कमजोरियां हो सकती हैं ?और कुछ ताकत भी, जिसे एक योग्य शिक्षक द्वारा ही धैर्य से महसूस किया जा सकता है। यदि ऐसा नहीं होता तो सजा की प्रकृति से आहत मन गलत कदम उठाने को बाध्य हो सकता है। कई स्वयंसेवी संगठनों ने पाया है कि तमाम स्कूलों में बच्चों को शारीरिक दंड देना आम बात है। ऐसे दंड झेलने वाले बच्चों का आंकड़ा एक-तिहाई है। इसमें जाति-लिंग भेद के आधार पर भी दंड के मामले सामने आए हैं, जिसे अनुशासन के नाम पर जायज ठहराने की कोशिश होती है। निन्संदेह शिक्षा व्यवस्था के बुनियादी ढांचे में तमाम तरह की विसंगतियां हैं। जिसका दबाव शिक्षकों को झेलना पड़ता है। इसके बावजूद विद्यार्थियों को शारीरिक दंड देने की कोई जगह नहीं हो सकती। खासकर छात्र-छात्राओं का मुंह काला करना तो कतई स्वीकार्य नहीं हो सकता।

# लोकतांत्रिक आज़ादी के चीनी द्वंद्व

भारत की विदेशों में रहने वाले आप्रवासी भारतीयों के प्रति नीति रही है कि जिस किसी भी मुल्क में बसे हैं, वहां पर उनकी पहली वफादारी उस देश के प्रति बनती है, मसलन यह मॉरीशस, फिजी या यूनाइटेड किंग्डम हो। हालांकि, वे अपने पुरखों की भूमि भारत के साथ अपने आध्यात्मिक, सांस्कृतिक, पारिवारिक और आर्थिक संबंध पहले की तरह खुशी-खुशी बनाए रख सकते हैं। इसके बरअक्स चीन अपने आप्रवासियों से चाहता है कि उनकी पहली वफादारी अपने पुरखों के मुल्क के प्रति होनी चाहिए। खासकर उन चीनी मूल के लोगों से जो पड़ोसी द्वीपों पर बसे हुए हैं या उस भू-भाग पर जिन्हें वह मुख्यधरा चीन का अंग मानता है। हालांकि इनमें एक चमकता उदाहरण सिंगापुर है, जिसकी अधिकांश आबादी चीनी मूल के हान कबीले से है फिर भी वहां बहु-सांस्कृतिक और बहु-सांप्रदायिक समरसता है। हाल ही में सिंगापुर की नेशनल यूनिवर्सिटी में चीनी मूल के अध्ययनकर्ता वेई शान ने चीन के उइगर मुस्लिम बहुल शिनजियांग प्रांत में चीनियों द्वारा बरती जाने वाली सांस्कृतिक और धार्मिक असंवदेनशीलता का जिक्र किया है। वहां चीन इस उम्मीद में निर्दयी कार्रवाइयां कर रहा है ताकि उइगर मुस्लिम अपनी रिवायती संस्कृति और धार्मिक पहचान को त्याग कर हान बहुल चीन में खुद को समाहित कर लें। वेई आगे कहते हैं कि शिनजियांग में जो उच्चकोटि की परियोजनाएं बनाई जा रही हैं, जैसे कि राष्ट्रपति शी जिनपिंग की मनपंसद 'बेल्ट एंड रोड' योजना के तहत मध्य और दक्षिण एशिया को आपस में सड़क मार्ग से जोड़ना, वह भी वहां हान चीनियों की प्रभुसत्ता को सुदृढ़ करने की गर्ज से है। वेई कहते हैं-जहां देश के हान चीनियों की औसत आय 4120 अमेरिकी डॉलर प्रतिवर्ष है वहीं उइगर मुस्लिमों के मामले में यह 1830 डॉलर ही है। यह आय चीन के अन्य अल्पसंख्यकों से कहीं कम है। इंटरनेशनल कमीशन फॉर इंवेस्टिगेटिव जर्नलिस्म की रिपोर्ट बताती है कि शिनजियांग प्रांत में मुस्लिम उइगरों की नस्लकुशी करने के लिए उन पर अपना धर्म और सांस्कृतिक विरासत लगभग त्यागने का दबाव बनाया जा रहा है। रिपोर्ट के अनुसार लगभग 20 लाख उइगर मुसलमानों को अलग सरकारी कैम्पों में रहने को मजबूर किया गया है, उन्हें वार्तालाप में केवल चीनी भाषा मैंडरिन ही इस्तेमाल करने का आदेश है और लिबास भी शेष चीनियों जैसा पहनना होता है। विशेषतौर पर बनाए गए इन कैम्पों में बच्चों को अपने माता-पिता से अलहदा रखा गया है, जहां उनके दिमाग में नई सोच को भरा जा रहा है।चीन के उक्त कृत्यों पर दुनिया की प्रतिक्रिया मूक रही है। इसी साल अमेरिका के नेतृत्व में 23 देशों ने संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद को आग्रह किया था कि वह शिनजियांग में चल रहे इन कैम्पों को बंद करवाए। इसके प्रत्युत्तर में चीन ने रूस, फिलीपींस, वेनेजुएला, सर्बिया, म्यांमार और पाकिस्तान सहित 54 देशों से आग्रह किया कि वे संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद को बताएं कि शिनजियांग में चीन की उपलब्धियां कितनी 'शानदार' हैं! यहां तक कि चीन के एकदम पड़ोसी मध्य एशियाई मुस्लिम बहुल मुल्क जैसे कि किर्गिज़्स्तान और उजबेकिस्तान भी इतना साहस नहीं जुटा पाए कि शिनजियांग में अपने ही हमबिरादरों पर हो रहे अत्याचारों की निंदा कर सकें! सउदी अरब तक ने शिनजियांग में चीन की 'शानदार उपलब्धियों' का महिमामंडन करने वाले प्रशंसा-पत्र पर हस्ताक्षर कर दिये हैं। चीन को अपने पूर्वी तटों पर जिन चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, उनमें हांगकांग और ताइवान की समस्या ज्यादा अलग है और इनसे निपटने में सावधानी की जरूरत पड़ेगी। चीन का दावा है कि यह दोनों भूभाग उसके 'एक चीन-एक राष्ट्र' अवधारणा का अभिन्न अंग हैं। चीन यह भी विचार कर रहा है कि हांगकांग और ताइवान को मिलाकर एक इकाई में तबदील कर दिया जाए जो 'एक राष्ट्र-दो व्यवस्था' के सिद्धांत के अनुरूप होगा। हालांकि, यह करने से ज्यादा कहना आसान है क्योंकि मुख्यधरा चीन की कम्युनिस्ट पार्टी को किसी तरह की अनेकता, असहमति या धार्मिक आजादी गवारा नहीं है, खासकर मुस्लिम उइगरों के लिए। लेकिन हांगकांग के पिछले छह महीनों ने दिखा दिया है कि 'एक राष्ट्र-दो व्यवस्थाएं' वाली नीति यहां कारगर होने की गुंजाइश कम ही है। पिछले 6 माह से हांगकांग नित दिन होने वाली हड़तालों से लगभग बंद पड़ा है। चीन की चेतावनियों के बावजूद हजारों-हजार प्रदर्शनकारी विचलित नहीं हुए हैं। उन्होंने सार्वजनिक तौर पर ज्यादा आजादी की मांग खुलकर की है, इसमें मुख्यधरा की अदालतों के आदेश हांगकांग पर भी लागू किए जाने वाले कानून को वापस लेने की मांग भी शामिल है। चीन द्वारा नामांकित हांगकांग की मुख्य कार्यकारी अधिकारी इन दोनों पक्षों के बीच फंस गई हैं, क्योंकि एक तरफ अधिनायकवाद सत्ता है तो दूसरी ओर लोकतंत्र की आजादी पसंद अपनी ही बिरादरी के लोग हैं। उधर, चीन भी इस पसोपेश में है कि ताइवान में आगे क्या किया जाए। हांगकांग इसका उदाहरण है कि हान चीनियों की बहुलता वाले इस भूभाग में लोकतांत्रिक व्यवस्था से आर्थिक तरक्की और समृद्धि किस तरह फली-फूली है, जिसमें किसी भी धर्म को मानने की पूरी छूट है। ताइवान की लगभग 35 फीसदी आबादी बौद्ध है ।और इतनी ही संख्या ताओ संप्रदाय के अनुयायियों की है। लगभग पूरा टापू 'ताइवानी मैंड्रिन' बोली बोलता है। ताइवान का अपना अलग लोकतांत्रिक संविधान है, जिसमें बाकायदा निर्वाचित राष्ट्रपति और सरकार का प्रावधान है और यहां पूरी धार्मिक आजादी भी है।

## विश्वास-भाग-3

बहुत बधाई धन्यवाद सिमी जी रवि जी। अब अंदर तो चलिए आप सब। सर आप के लिए इन सब ने मिलकर आपकी फेवरेट डिश बनाई है। आरे वाह फिर चालिए मिल कर खाते है। अच्छा वेद तुम जब हमारे बारे मे जानते थे फिर हम लोगो से मिलने क्यो नही आए। सही सवाल किया रूची।हम लोगो ने कितनी कोशिश की तुमसे मिलने की कुछ पाता भी है तुम्हे रवि ने कहा। हम सब ने आपने आपने इन्टरव्यू मे तुम्हारा नाम जरूर लिया है की तुम हमे मिलने आ जाओ रूची ने वेद से पूछा। पंडित जी कुछ बोलेंगे आप मैंने वेद की और देख कर कहा। उसकी आंखे नम हो गई थी । क्या हुआ कुछ गलत कह दिया क्या मैंने। नही शक्ति जी ये 10 साल बाद मिलने की खुशी है। और आप लोगो की जानकारी तो हमे आसानी से मिल गई थी। और हमे विश्वास था की हमारे पागल मित्रगण हमरा पता जरूर ढूँढ लेंगे।

इतना विश्वास है तुम्हे हम सब पर मैंने वेद से पुछा।

हां खुद से ज्यादा क्योंकि जो हम नही कर सकते वो आप कर सकते है।

पहली बार हम सब पर किसी ने इतना विश्वास किया था।

शक्ति जी आप सब आपने अंदर छुपे हुए गुण को कला को देख कर भी अनदेखा कर रहे है थे। हमने तो बस उस कला से आपकी पहचान करा दी थी सबकी।

इसी का तो धन्यवाद करने के लिए हम तुम्हे ढूंढते रहे तुम्हे इतने साल।

रवि जी शायद आप भूल रहे हैं मित्रता मे धन्यवाद और क्षमा का कोई स्थान नही होता है।

जी पंडित जी जैसा आप कहे।ई

शहर से जाने से पहले तुमने हमसे एक बार मिलना भी जरूरी नही समझा सिमी ने वेद से पुछा तुम्हारे अचानक जाने के कारण हम सब कितना परेशान हो गए थे।

मिलने कि बहुत इच्छा थी हमारी सिमी जी आप सबसे किन्तु पिताजी के जाने के बाद घर की जिम्मेदारीयो ने हमे रोक दिया था। अगर हम आप सब से मिलते तो हम वहां से आ ही नही पाते बस यही कारण था की हम आप सब को सुचना दिए बिना वहां से आ गए।

अब छोड़ो उन बातो को हम सब के बारे मे तो सब जानते हो अभी तुम्हारी जिंदगी मे क्या चल रहा है,

रवि की बात अभी पूरी ही नही हूई थी की रूचि ने वेद से पुछा शादी हो गई तुम्हारी?

हाँ एक पुत्री है।

ये सुन कर नही पता मुझे क्या हो गया मैं वहाँ से उठकर रूम मे आ गई।

सब कॉल कर रहे थे पर मैंने किसी का भी कॉल रिसीव नही किया और न ही रूम का गेट खोला।



साक्षी देवांगन
मनेन्द्रगढ़ कोरिया छग

इस बार वेद ने कुछ नही कहा शायद उसे पाता चल गया था की मेरे मन मे उसको ले कर क्या चल रहा था।

10 साल मे कुछ भी हो सकता है शक्ति तु इतना क्यो परेशान हो रही है तू वेद से प्यार करती थी वो नही ।तुने उसका इन्तजार किया है वो तो आज भी तुझे अच्छा दोस्त मानता है। सम्भाल जा अब।अकेले मैं मैंने खुद को समझाया।और कब शाम हो गई पता ही नही चला।

शक्ति तु ठीक है न मैंने दरवाजा खोला रूचि ने कहा चल अब तैयार हो जा हमे वेद के घर जाना है।

नही रूची तुम लोग जाओ।

वेद ने कहा है हम तुम्हे ले कर आए वरना वो खुद आएगा तुझे लेने।

ओके मै रेडी हो जाती हूँ। मैंने हां तो कह दिया था पर तैयार भी हो गई पर मन अब भी उदास था। सब बात कर रहे थे पर मैं शान्त बैठी रही।

हम वेद के घर पहुंच चुके थे।शक्ति हम पहुंच गए है कर से बाहर आओ गेट खोल कर कहा।

हम गेट पर पहुंचे तो वेद ने तुरंत दरवाजा खोल दिया उसने कार की और हमारी आवाज ली थी।

सब अन्दर चले गए मैं अब भी गेट पर ही थी।

क्या बात है शक्ति जी आप अन्दर नही आयेंगी क्या।

नही पडिंत बस मै तो घर देख रही हू।

अब अंदर आके भी देख लो।

मैं अन्दर आई और सामने नजर पड़ी तो देखा वेद ने हमारी 11वी की तस्वीर जो हमने वार्षिकोत्सव के दिन खिंचाई थी उसे बड़े फ्रेम मे रखा था और मेरी वो ड्रॉइंग जिसे पहली बार फास्ट इनाम मिला था वो भी उसने आपने घर मे रखी थी।

मैंने वेद से कहा ये तो उसने कहा हमने विद्यालय से बहुत पहले ही ले ली थी।

फिर मैंने कहा तुम्हारी फैमिली नही दिख रही है।

1 साल पहले ही हमारी दोनो बहनो का विवाह सम्पन्न हुआ है।

माँ का 6 महीने पहले ही निधन हो गया।

ओ..शॉरी

फिर मैंने कहा और तुम्हारी पत्नी और बेटी।

वो कमरे मे है आप कमरे मे ही जा कर मिल लिजिए।

ये बात कुछ अटपटी सी लगी।पर फिर भी मैं कमरे मे गई।

वेद यहां तो कोई भी नही है।

है तो।

कहा वेद कोई भी नही है कमरे मे।

वेद कमरे मे आया और मुझे आईने के सामने खड़ा करके बोल।

क्या आप को ये सुन्दर देवी कमरे मे नही दिख रही है क्या।

वेद आज तुमने शक्ति को कन्या नही बोला।अरे सिमी अब शक्ति कन्या नही है महिला हो गई है ये कहकर अनुज हंसने लगा साथ मे सब हंस रहे थे। और मुझे कुछ भी समझ नही आ रहा था।मैंने वेद की और देखा तो वो मुस्कुरा रहा था।

फिर उसने कहा आपने हमारी पूरी बात सूने बिना ही वहा से प्रस्थान कर लिया था। हम तो सिर्फ थोड़ी ठिठोली कर रहे थे सब के साथ।

मतलब तुम्हारी शादी नही हूई है। जी शक्ति जी हमने विवाह नही किया है अब तक।

रवि ने वेद से कहा अब ये भी इस नासमझ को बता दो की क्यों नही किया है विवाह तुमने।

फिर वेद ने कहा हम किसी से प्रेम करते है पर हमे पता नही था की वो भी हमसे प्रेम करती है या नही इस प्रेम की वजह से ही हमारे इस दिल को उसके सिवा कोई भाया ही नही पर अब...

पर अब क्या वेद?

पर अब ये शक्ति जी की हमे पाता चल गया है कि वो भी हमसे प्रेम करती है।

तो बताईये शक्ति जी आप हमसे विवाह कर के हमारी जीवनसंगिनी बनेगी? क्या अग्नि के सात फेरे ले कर हमारी अर्धांगिनी के रूप मे इस घर मे आयेंगी?

ये क्या पूछने वाली बात है वेद शक्ति के मन मे तो लड्डू फूट रहे है क्यों शक्ति रवि की इस बात पर सब हंसने लगे।

और मैं वेद को देख रही थी।

आज भगवान पर मूझे और भी ज्यादा विश्वास हो गया था की वो सब की सुनते है।भगवान से जो इन 10 सालो मे मैं हर रोज हर पल मांगती थी आज उन्होंने मुझे दे दिया।आज वेद और उसका साथ दोनो ही मुझे मिल गया।

## दिल से

(पिछले अंक का शेष)



इंसान की पारीभाषा क्यू तुमने हर जगह से तोड़ डाली है,में खड़ा हूँ एक सभ्य सभा में वरना मेरे मन में भी हज़ार गाली है,
इंसान नहीं बन सकते तो हैवानियत भी क्यूँ दिखातेहो,
अपनी नीच परवरिश से क्यूँ तुम हमे रूबरू कराते हो,
देश नही बढ़ सकता आगे जब तक तुम जैसे नीच और भी जिंदा है,अरे तुझे तो पैदा करने वाली वो माँ भी अब शर्मिंदा है,
शर्मिंदा है वो क्योंकि उसने बीज शर्म का बोया है,अरे मेरी नालायक औलाद की खातिर किसीने अपने दिल का टुकड़ा खोया है,
जहाँ भी है वो पकड़ो उसको और फांसी की सजा सुनादो तुम,
बीच सड़क पर चाहे उसकी गर्दन ही कटवादो तूम,
सहन नही होता है अब,हर दिन ये खबरे आती है,
दिखता है लोगो में जोश कुछ दिनों तक,फिर ये खबरे भी गुम हो जाती है,
मिल गया बहुत बढ़ावा इनको,अब एक सख्त कानून बनाओ तुम,
तुम तो हो बंगलो में सुरक्षित ,हमे सडको पे सुरक्षित महसूस कराओ तुम।

**मयंक शर्मा**
**ग्रह निवास-अम्बाह जिला मुरैना (मध्यप्रदेश)**
**शासकीय पशुचिकितशा एवम पशुपालन महाविद्यालय रीवा मध्यप्रदेश**

## निशानियां

कितनी ज़रूरी हो जाती हैं ना, कभी कभी,
ऐसा लगता है, कि जैसे वो वस्तु, वो इंसान,
आपकी ज़िन्दगी से, कभी गया ही नहीं,
तन्हाई का सहारा होती हैं, निशानियाँ,
यादों का भंडार होतीं है, निशानियाँ,
हर उस जगह होती हैं निशानियाँ,
जिस जगह दिल का, टीस का,
खुशी का, असमंजस का, पूर्व का,
तकरार का, हार का ज़िक्र हो.....
पता है कुछ निशानियाँ तुम्हारे ज़हन में,
इस कदर उतर जातीं हैं,
कि लगता है,
जैसे वो जन्म से तुम्हारे साथ थीं,
जैसे वो तुम्हें और तुम उसे तब से जानते हो,
जब शायद तुमने कुछ सोचना समझना,
शुरू भी नहीं किया था,
याद है वो रुमाल, जो मेरे हाथ में तब रह गया था,
जब पहली बार तुमने मेरा हाथ पकड़ा था,
या वो बाहें जो मुझसे आज तक लिपटी हुई हैं,
तुम्हारे कई साल जाने के बाद भी,
या वो अश्क़ जो मेरे कांधे से आज तक, सूखे नहीं,
या वो नर्माहट, जो आज तक तुम्हारे जिस्म से लिपटी हुई है...
जिन कमीज की सिलवटों को प्रेम की आदत हो जाती है,
वो सदा के लिए मक्कार और बर्बाद हो जाती है.....
ऐसा ही कुछ हुआ उसके साथ भी,
कभी -2 कोई इंसान तुम्हारी ज़िन्दगी के चंद लम्हे,
तुमसे ऐसे चुरा लेता है,
कि फ़िर हर लम्हा जीना बहुत भारी लगता है....
ख़ैर ऐसी ही होती हैं निशानियाँ,
सँभालूँ या फेंक दूं, समझ नहीं आता....
वो किताब जिसमें पहली बार, उसे वो फूल भेजा था,
वो अब फेंक दिया होगा क्या...??
या वो कुर्ती, जिसे आज भी पहनते वक़्त,
ये ख़्याल उसे ज़रूर आता होगा ना,
कि वो कहता था....वो कहता था....
कि जान, तुम उसमें बहुत खूसूरत लगती हो,
वो एक तस्वीर, जिसे हर बार देखने पर,
वो शांत हो जाएगी और वो बातें नहीं भूल पाएगी,
या वो कविताएं जिन्हें पढ़कर, वो तब टूटेगी,
जब किसी दूसरे प्रेमी से प्रेम में सताई जाएगी.......
पर ये वो निशानियाँ हैं,
जो आज नहीं तो कल भुला दी जाएंगी,
मिटा दी जाएंगी, शायद जला भी दें,

(शेष अगले अंक में)

**शिवम नाहर**
**डबरा जिला ग्वालियर मप्र**

## फिल्मों को लेकर रखी जाह्नवी कपूर ने अपनी राय



जाह्नवी का कहना है कि उन्हें आम फिल्मों की बजाय शॉर्ट फिल्मों में काम करने में ज्यादा मजा आता है। उनका कहना है कि आम फिल्में बहुत लंबी होती हैं, उन्हें पूरा करने में अधिक समय भी लगता है। जाह्नवी ने कहा, मैंने हाल ही में एक नेटफ्लिक्स की लघु फिल्म सीरीज घोस्ट स्टोरीज की है और मेरा अनुभव बहुत अच्छा था। मुझे सामान्य फिल्मों की बजाय लघु फिल्मों में काम करने में ज्यादा आनंद मिलता है।



## सपना चौधरी ने अब शादी में लगाए जोरदार ठुमके





जेएनएने हरियाणा की लोक गायिका और डांसर सपना चौधरी का एक नया वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है इसमें उन्हें एक शादी में 'सुल्फा सरसार ठा गया' गाने पर डांस करते हुए देखा जा सकता है इस गाने को अभी हाल ही में यू-ट्यूब पर अपलोड किया गया है इस गाने पर उन्होंने 12 दिसंबर 2019 को गुड़गांव में परफॉर्म किया था। इसमें उन्हें एक शादी में डांस करते हुए देखा जा सकता है इस मौके पर उनके सामने खड़ी भीड़ लगातार वीडियो बनाती नजर आ रही है। गौरतलब है कि सपना चौधरी हरियाणा की एक लोकप्रिय डांसर है इनके डांस के वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल होते हैं इस वीडियो में सपना चौधरी ने ब्लैक कलर का सूट पहन रखा है और गाने की धुन पर वह थिरक रही है सपना चौधरी हरियाणा की डांसिंग क्वीन मानी जाती है सपना चौधरी बिग बॉस से भी फेमस हुई थी और उन्होंने कई हफ्ते घर में रहने के दौरान लोकप्रियता कमा ली थी इसके चलते आज भी उनकी अच्छी खासी फैन फॉलोइंग बनी हुई है। सपना चौधरी ने कई फिल्मों में भी काम किया हैं जिनमें वह बतौर एक्ट्रेस नजर आई थी इसके अलावा वह टिक-टॉक वीडियो भी शानदार बनाती है और वहां पर भी बहुत पॉपुलर है सपना चौधरी अपने डांसिंग शो इंडियन कपड़ों में करना ज्यादा पसंद करती हैं और इसी के चलते वह लोगों के बीच ज्यादा लोकप्रिय भी हैं। सपना चौधरी के वीडियो और गाने सिर्फ हरियाणा ही नहीं राजस्थान, पंजाब और उत्तर प्रदेश में भी फेमस हैं और सपना वहां भी शो करने जाती हैं सपना एक शो करने का पैसा भी अच्छा खासा लेती हैं और लोग आज भी उनके डांस के दीवाने हैं सपना चौधरी के शो में जमा भीड़ को कंट्रोल करने के लिए कई सुरक्षा गार्ड भी मौजूद होते हैं।

## एक नजर

### अवैध कोचिंगों से पटी राजेश्वरी रोड़ रोज बनते जाम के हालात

**शिवपुरी।** शहर में संचालित होने वाले कोचिंग सेंटरों में कुछ सेंटरों को छोड़ दिया जाए तो बाकीं सभी संटर अवैध तरीके से संचालित हो रहे है। जिसमें शिक्षक सहित प्रायवेट अनटेंड शिक्षक छात्रों को शिक्षा देकर मनमाने तरीके से पैसा वसूल रहे है। इसके साथ ही जीएसटी और सरकार के टैक्स की भी चोरी की जा रही है। लेकिन शिक्षा विभाग द्वारा मामले में कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। अवैध तरीक से संचालित कोचिंग सेंटरों पर कार्रवाई करने की मांग को लेकर संगठनों द्वारा संबंधित अधिकारियों को कई बार ज्ञापन भी दिए गए है ।शहर की गली-मोहल्लों में कई अवैध कोचिंग संस्थान संचालित हो रहे है, कोई फ र्राटेदार इंग्लिश सिखाने का दावा करता है, तो कोई आईएएस, आईपीएस क्वालीफ ाई कराने का। हालत यह है कि इन संस्थाओं द्वारा कॉम्पटीशन क्वालीफई कराने के दावे किए जाते हैं। हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी की परीक्षा की तैयारी और कॉम्पटीशन कराने वाले कोचिंग की शहर में भरमार सी हो गई है। यह कोचिंग संचालक मनमाने तरीके से छात्रों से फ ीस वसूल रहे हैं। लेकिन इन कोचिंग संचालकों के खिलाफ जिला प्रशासन अलर्ट नहीं है। शहर के रिहायशी क्षेत्रों में अधिकांश अवैध रूप से चल रहे कोचिंग सेंटर आम लोगों के लिए मुसीबत बन गए हैं। सेंटरों को छोड़ न तो किसी का पंजीयन है और न ही इन्हें खोलने के लिए कोई स्थान सुनिश्चित किया गया है। यह कोचिंग संचालक अभिभावकों से मनमानी फ ीस वसूलते हैं। कोचिंग सेंटर पर वाहन रखनेके लिए पार्किंग व्यवस्था भी नहीं है। खास बात यह है कि नियम के अनुसार कोईभी शासकीय शिक्षक बच्चों को ट्यूशन नहीं पढ़ा सकताए लेकिन शहर के अधिकांश अनट्रेंड शिक्षक अपने घरों पर बेधड़क ट्यूशन पढ़ा रहे हैं।

### आयुष्मान भारत योजना के हितग्राहियों को ओपीडी में मिलेंगी निःशुल्क सेवाएँ

**शिवपुरी।** प्रदेश के सभी चिकित्सा महाविद्यालयों से संबद्ध चिकित्सालयों में आयुष्मान भारत योजना के पात्र हितग्राहियों को एचआईव्ही, कैंसर, आकस्मिक चिकित्सा और लावारिस मरीजों को ओपीडी सेवाएँ नि- शुल्क मिलेंगी। आज जारी यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है।

### उपचार के दौरान युवक की मौत

मुरैना। बामौर थानान्तर्गत हुई सड़क दुर्घटना में घायल एक युवक की उपचार के दौरान अस्पताल में मौत हो गयी। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुष्पेन्द्र पुत्र जगदीश गुर्जर 40 वर्ष निवासी गणेशपुरा मुरैना को विगत दिवस सड़क दुर्घटना में घायल होने पर उपचार के लिये विरला हॉस्पीटल के समक्ष 6 दिसम्बर को घायल होने पर उपचार के लिये अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गयी। पुलिस ने थाना गोले के मंदिर से प्राप्त मर्ग डायरी के आधार पर असल मर्ग कायमी की है।

### उर्वरक नमूने अमानक होने पर विक्रय भण्डारण एवं स्थानांतरण पर प्रतिबन्ध लगाया

मुरैना। किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा उर्वरक विक्रेता डीएमओ गोदाम जौरा से इफको पारादीप उड़ीसा कम्पनी द्वारा निर्मिता उर्वरक यूरिया के लिये गये नमूने जांच उपरान्त अमानक पाये गये है। अमानक नमूने बैच लॉट नम्बर सितम्बर-2019 और नमूना कोड नम्बर जेएम-10 है। इस उर्वरक के क्रय विक्रय भण्डारण एवं स्थानांतरण पर उप संचालक कृषि एवं पंजीयन अधिकारी पीसी पटेल ने प्रतिबन्ध लगाया है।

### इनका कहना है

करैरा सब रेंज में डिप्टी रेंजर मोहनस्वरूप गुप्ता और वन आरक्षक नीरज पर प्राणघातक हमला बोलकर उन्हें घायल किया गया है जिसमें मुन्ना ठाकुर और उसके कुछ अज्ञात लोगों के विरूद्ध पुलिस में प्रकरण दर्ज कराया गया है। एसपी ने भी इस मामले में आरोपियों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करने का भरोसा दिया है।

**वाय.पी.सिंह**
**मुख्य वन संरक्षक, वन विभाग, शिवपुरी**

### रिस्तेदारी में शामिल होने आए व्यक्ति की बाइक चोरी

डबरा। ग्राम मारगपुर में रिस्तेदारी में शामिल होने आए एक व्यक्ति की बाइक को अज्ञात चोर उठा ले गए। जिसके चलते उसने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पंकज परिहार २४ वर्ष पुत्र कैलाश परिहार निवासी वार्ड नंबर ३७ ग्वालियर ने भितरवार पुलिस को सूचना दी कि गुरुवार की दोपहर वह ग्राम मारगपुर में रिस्तेदारी में शामिल होने आया हुआ था और उसने अपनी बाइक रिस्तेदार के घर के सामने खड़ी कर दी थी। जब वह घर से बाहर आया तो उसकी बाइक न्यू हीरो एचएफ डीलक्स कीमत २० हजार रुपए गायब थी। पहले उसने अपने स्तर पर बाइक की खोजबीन की। लेकिन उसका नहीं चलने पर उसने शुक्रवार को भितरवार थाने पहुंचकर तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ बाइक चोरी करने की शिकायत की। पुलिस ने तीन अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### खोड़ भाजपा मंडल अध्यक्ष का प्रदेश सरकार के खिलाफ धरना प्रदर्श रिपोर्टरः सुरेन्द्र बाथम



**भौंती -खोड़।** बीजेपी मंडल खोड़ में मध्य प्रदेश मै कांग्रेश की कमलनाथ सरकार की किसान विरोधी नीतियों एव किसानों से झूठा वादा कर सरकार बनाकर उनको पूरा नहीं करने के विरोध मैं किसान खेत आंदोलन विधायक श्रीमंत यशोधरा राजे सिंधिया के के निर्देशन में एवं जिला अध्यक्ष राजू बाथम जी के मार्गदर्शन में रखा गया। जिसका नेतृत्व पूर्व मंडल अध्यक्ष जगदीश यादव को करना था। परंतु किसी कारण वर्ष वह धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में उपस्थित नहीं हो सके। उनकी अनुपस्थिति में मंडल अध्यक्ष केरण सिंह लोधी के नेतृत्व में एवं बृजमोहन निगोती की अध्यक्षता में भारतीय जनता पार्टी कार्यालय खोड़ पर 12: 00 वजे से 3:00 वजे तक 14 दिसम्बर को रखा गया। भारतीय जनता पार्टी कार्यालय मंडल खोड़ पर समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बंधुओं काफी संख्या में उपस्थित रहे। जिनमें मंडल अध्यक्ष केरन सिंह लोधी ,बृजमोहन निगोती , अभिषेक बरसैया, राहुल भार्गव महेश परिहार ,भरत लोधी, शीशपाल परिहार, हेमंत गुप्ता, जैसे सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे और कार्यक्रम को सफल बनाया। तथा कार्यक्रम में किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष अनुपस्थित दिखाई दिए।

# ओवर ब्रिज के दोनों ओर अस्थाई दुकानदारों ने किया पुनः अतिक्रमण

डबरा। तत्कालीन एसडीएम जयति सिंह के निर्देशन में शहर में चलाए गए अतिक्रमण विरोधी अभियान के तहत शहर के अग्रसेन चौराहा सहित ओवर ब्रिज के नीचे से स्थायी एवं अस्थायी अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की गई थी। तब यह क्षेत्र अतिक्रमण मुक्त हो गए थे। लेकिन अतिक्रमणकारियों ने एक बार फिर इन स्थानों पर कब्जा करना शुरू कर दिया है।



और डाकघर सहित अन्य स्थानों पर अतिक्रमण कर लिया है। जिससे यहां से निकलने वाले वाहनों को आने जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार शहर की सड़कें एवं प्रमुख स्थान फिर से अतिक्रमण की चपेट में हैं। यहां पहले की तरह निकलने के लिए जगह नहीं बची है। जिससे कई शासकीय कार्यालयों के रास्ते बाधित हो रहे हैं। सबसे ज्यादा परेशानी अग्रसेन चौराहे पर स्थित पोस्ट ऑफिस एवं बीएसएएनएल ऑफिस को आ रही हैं। इन कार्यालयों में आने वाले वाहनों को निकलने के लिए रास्ता काफी संकरा हो गया है। जिससे यहां फंस जाते हैं। साथ ही मार्ग संकरा होने के कारण यहां दिन भर जाम की स्थिति बनी रहती है। दरसअल तत्कालीन एसडीएम जयति सिंह के निर्देशन में यहां मार्च माह में अतिक्रमण विरोधी मुहिम चलाई गई थी। मुहिम के दौरान स्थायी एवं अस्थायी अतिक्रमण को हटा दिया गया था। तब यहां के मार्ग साफ सुथरे एवं चौडे हो गए थे। लेकिन उस मुहिम के बाद यहां किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की गई। जिससे यहां फिर से अतिक्रमणकारियों ने अवैध तरीके से कब्जा कर लिया है। और फिर से यहां के मार्ग अवरुद्ध हो गए हैं।

### जाम में फंसते हैं अधिकारियों के वाहन

अग्रसेन चौराहे के पास से स्थित पोस्ट ऑफिस एवं बीएसएनएल ऑफिस में पदस्थ अधिकारी जब कार्यालय आने जाने के लिए अपने वाहनों को यहां से निकालते हैं तो उनके वाहन जगह कम होने के कारण यहां फंस जाते हैं। कई बार यहां जाम भी मिलता है। जिससे अधिकारियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा यहां बीएसएनएल के बड़े वाहनों का आना जाना भी होता है। जिन्हें भी कई परेशानियां आती हैं।

### डाकघर है या ताले की दुकान

अग्रसेन चौराहे पर स्थित डाकघर की बिल्डिंग के सामने वाले हिस्सा पूरी तरह से अतिक्रमण की चपेट में आ चुका है। अंजान व्यक्ति को डाकघर ढूंढने के लिए यहां वहां पूछना पड़ता है। क्योंकि डाकघर के सामने ताले, बेल्ट आदि बेचने वाले दुकानदारों ने अतिक्रमण कर लिया है। जिससे डाकघर की बिल्डिंग पूरी तरह से छिप गई है। यहां पूर्व में अतिक्रमण हटा दिया गया था। लेकिन फिर से अतिक्रमणकारियों ने यहां पैर पसार लिए हैं।

### पुलिस ने छापामार कार्रवाई कर की हजारों रुपए की अवैध शराब जप्त

डबरा। अंचल की पुलिस ने मुखबिरों की सूचना पर अलग-अलग स्थानों पर शराब तस्करों को पकड़कर उनके कब्जे से हजारों रुपए की देशी शराब बरामद की है। पुलिस ने पकड़े गए सभी आरोपियों के खिलाफ 34 आबकारी एक्ट कार्रवाई की है। जानकारी के अनुसार बिलौआ थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर टीसीपी बिलौआ से हरी धानुक 47 वर्ष पुत्र काशीराम धानुक निवासी ग्राम लखनपुरा के कब्जे से 23 क्वाटर देशी शराब के जब्त किए जिनकी कीमत 1150 रुपए है। वहीं बिलौआ पुलिस ने मकोड़ा रोड से प्रमोद कुशवाह 31 वर्ष पुत्र मोहन सिंह कुशवाह निवासी मकोड़ा के कब्जे से 21 क्वाटर जब्त किए। जिनकी कीमत 1050 रुपए है।

### तोल मोल के बोल

मै देने की बात करता
तुम लेने कि बात करते
लेने देने का फर्क न समझकर
बस अकड़ जाते हो।
जनसभाओं में यूँ न
विदेशी संस्कृति लाया करो।
थोडी बहुत ट्रेनिग की जरूरत
बोलचाल की परिभाषा जानो



तोल तौल के बोले वही
सही राजनीतिज्ञ माना जाए।
रौब वही तेवर वही
बदलेगा नहीं स्वरूप
एक दशक होने को आये
कार्यकर्ताओ के दम रहे छूट।
अल्हड़पन साफ झलकता है
जैसे पहाड़ के नीचे ऊँट
कैसे बढेगी साम्राज्य जब
ऐसे मुख और ऐसी करतूत।
थोडी सी हिन्दी पढी होती
तो आज हिन्द को जख्म न देते
जनसभाओ में यूँ उल्टा-पूल्टा
कभी प्रवचन ना देते।
थोड़ा सा इतिहास पढा करो
इंदिरा और अटल का भाषण
सुना करो
जो भारतीय संस्कृति से
लवरेज थी

**आशुतोष**
**पटना बिहार**

# लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों का काटा 7 दिन का वेतन

**भितरवार।** शुक्रवार को जनपद पंचायत सभागार में स्वच्छता एवं जल कर सहित निर्माण कार्यों की जानकारी लेने के लिए समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित जनपद पंचायत सीईओ अशोक शर्मा द्वारा कार्य में लापरवाही बरतने वाले १३ कर्मचारियों का सात दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा बैठक में अज्ञात कारणों से अनुपस्थित रहे एक दर्जन कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस थमाए गए हैं।
जानकारी के अनुसार जनपद पंचायत सभागार में समीक्षा बैठक का आयोजन शुक्रवार दोपहर २ बजे किया गया। जिसमें मौजूद जनपद पंचायत सीईओ अशोक शर्मा ने सचिव एवं रोजगार सहायकों को सख्त निर्देश दिए कि पंचायतों में किसी भी प्रकार की गंदगी नहीं मिलनी चाहिए। उन्होंने



कहा कि अगर निरीक्षण के दौरान इलाकों में गंदगी मिली तो संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा स्वच्छता कर एवं जल कर की वसूली भी समय पर पूर्ण कर जनरेट करवाएं। उन्होंने बैठक के दौरान निर्माण कार्यों की भी समीक्षा की। और सचिव एवं रोजगार सहायकों को निर्देशित किया कि अधूरे पड़े निर्माण कार्यों में तेजी लाकर उन्हें जल्द से जल्द पूर्ण कराएं। पेंडेंसी मिलने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई होगी। वहीं बैठक के दौरान स्वच्छता कर एवं जल कर वसूली में लापरवाही बरतने पर ग्राम पंचायत बेलगड़ा के सचिव, रोजगार सहायक, बामरौल के सचिव, रोजगार सहायक, बांसौड़ी के सचिव, रोजगार सहायक, उर्वा सचिव, रोजगार सहायक, हिम्मतगढ़ के सचिव, रोजगार सहायक, बागबई के सचिव, धोवट के सचिव एवं जौरा के रोजगार सहायक का सात दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा बैठक के दौरान करीब एक दर्जन सचिव एवं रोजगार सहायक अनपुस्थित रहे। जिसके चलते उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किए जा रहे हैं।

### बैराड़ मंडल में कांग्रेस सरकार के खिलाफ खेत धरना आयोजित

**बैराड, रिपोर्टर धीरज ओझा।** मंडल के प्रभारी अशोक खण्डेलवाल ने बताया कि मध्यप्रदेश की कमलनाथ सरकार द्वारा यूरीया खाद की कालाबाजारी एवं वितरण संबंधी कुप्रबंधन के खिलाफ भाजपा मंडल बैराड़ ने प्रदेश नेत्रत्व के आदेशानुसार आज खेत धरना दिया। उन्होंने कहा झूठ बोलकर लंबे चौड़े बायदे कर प्रदेश में कांग्रेस सरकार आ गयी,लेकिन अब लोगो को राहत देने में उसके हाथ पांव फूल रहे हैं।वह ना तो किसानों का कर्जा माफ कर रही है और नाही युवाओं को भत्ते और रोजगार उपलब्ध नही करा रही है। बैराड़ भाजपा के बरिष्ठ नेता रामबाबू मंगल ने कहा कि सरकार की कुनीति की बजह से किसानों पर खाद माफिया हावी हो गया है यूरीया डीएपी की कालाबाजारी जारी है। खाद्यान्न माफिया राशन वितरण नही कर रहा है जनता में त्राही त्राही मची हुई है।



### आत्मज्ञान मनुष्य को महान एवं जीवन को सुखमय बनाता हैः संत असंग देव



**पुष्पांजली टुडे**

**बैराड़।** नगर परिषद बैराड़ के ठाकुर बाबा मंदिर प्रांगण में क्षेत्रीय समिति द्वारा आयोजित सुखद सत्संग कार्यक्रम के अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त संत असंग देव ने महिला पुरुष श्रोताओं से कहा कि आत्मा ही परमात्मा है। परमात्मा बनने के लिए शुद्ध आत्मा का होना आवश्यक है इसके लिए मनुष्य को आत्मज्ञान होना जरूरी है आत्मज्ञान ही मनुष्य को महान बनाने के साथ उसके दुख भरे जीवन से सुखमय जीवन की ओर लाता है आत्मज्ञान से ही मनुष्य बुरे कर्म छोड़कर सद कर्मों की ओर बढ़ता है मनुष्य को आत्मज्ञान नहीं होने से वह ईश्वर ,भक्ति, रिश्ते ,संबंधों का मूल्य नहीं समझ पाता। संत ने कहा कि अर्जुन मीरा संत कबीर आदि जितने भी भक्त एवं संत हुए सभी आत्म ज्ञान होने पर ही महान बने ,मनुष्य को नशा, दुर्व्यसन,कुसंग ईर्ष्या से बचना चाहिए यह चीजें मनुष्य के अंदर होंगी तो उसे आत्मज्ञान कभी नहीं हो सकता और वह कभी सुखी नहीं रह सकता। सत्संग कार्यक्रम से पूर्व आयोजन कर्ताओं द्वारा संत असंग देव की विशाल शोभा यात्रा, कलश यात्रा भदेरा माता मंदिर से गाजेबाजों के साथ निकाली। शोभायात्रा एवं संत असंग देव का नगर में जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया। कलश यात्रा नगर के मुख्य मार्ग होती हुई ठाकुर बाबा मंदिर पहुंची जहां उपस्थित श्रोताओं ने सत्संग का लाभ लिया।

# स्व.मथुरा सिंह की स्मृति में इंदिरा गाँधी स्टेडियम लहार में 20-20 क्रिकेट का टूर्नामेंट

**अर्पित गुप्ता**

**लहार।** सामान्य प्रशासन मंत्री डॉ गोविन्द सिंह के पिता स्वा मथुरा सिंह की स्मृति में इंदिरागांधी स्टेडियम लहार में 20- 20 क्रिकेट टूनामेंट के आज सेमीफाइनल के पहले मैच का शुभारंभ



मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ इफको के डायरेक्टर अमित सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय शुरू किया था जो बारिश के चलते रद्द हो गया था जिसकी शुरुआत आज थाना प्रभारी लहार दिलीप सिंह यादव ने कराई आज सेमीफाइनल का पहला मैच लहार एबम मिहोना के बीच खेला गया इस मौके शिवप्रताप सिंह, मुसर्रत खान, रिंकी अग्रवाल, जानकी समाधिया आदि लोग प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

**सेमीफाइनल का पहला मैच**-सेमीफाइनल का पहला मैच लहार एबम मिहोना टीम के बीच खेला गया जिसमें अमित सिंह जी ने लहार के कप्तान हर्ष एबं मिहोना के कप्तान अतुल बंथरी के बीच टॉस कराया जिसमे लहार टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया ओर बल्लेबाजी करते हुए अपने पूरे विकेट खोकर 19 ओवर में 129 रन ही बनाए ओर मिहोना टीम को जीत के लिए 130 रन का लक्ष्य रक्खा वही

**थाना प्रभारी दिलीप सिंह यादव ने खिलाड़ियों से परिचय कर किया आज के मैच का शुभारंभ किया, सेमीफाइनल मैच में लहार ने मिहोना एबम रौन ने दबोह को हराया, लहार एबम रौन के बीच रविवार सुबह 10 बजे खेला जाएगा फाइनल मैच**

मिहोना टीम ने अपनी पारी की शुरुआत करते हुए 19 ओवर 4 गेंद में 89 रन ही बना पाई और लहार टीम 40 रन से बिजयी घोषित होकर फाइनल में पहुँची लहार टीम की तरफ से शानदार प्रदर्शन करते हुए राहुल शर्मा ने 40 रन बनाकर 4 बिकेट झटके ओर मैन ऑफ द मैच रहे जिन्हें मैच के कॉमिन्ट्रेटर रामशंकर पाण्डेय द्वारा राहुल शर्मा को मैन ऑफ द मैच की ट्रॉफी प्रदान की गई।

**सेमीफाइनल का दूसरा मैच**-सेमीफाइनल का आज के दिन का दूसरा मैच दबोह एबम रौन के बीच मे खेला गया जिसमें मुख्यातिथि थाना प्रभारी दिलीप सिंह यादव ने रौन टीम के कप्तान लक्ष्मण तोमर एबम दबोह टीम के कप्तान रियाज खान के बीच टॉस कराया जिसमे रौन टीम ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला लिया और दबोह टीम शुरुआती झटकों के साथ अपने निर्धारित 20 ओवर में अपने 9 विकेट खोकर 159 रन ही बना पाई और रौन टीम के लिए जीत के लिये 160 रन का लक्ष्य रक्खा वहीं रौन की टीम ने अपनी पारी की शुरुआत करते हुए धमाकेदार बल्लेबाजी के चलते 15 ओवर 5 गेंद खेलकर 162 रन बनाकर बिजयी घोषित हुई रौन टीम की तरफ से शानदार प्रदर्शन रमा ने 81 रन बनाकर एबम 2 विकेट झटककर लिए ओर मैन ऑफ द मैच रहे जिन्हें ब्लॉक् शिक्षा अधिकारी कप्तान सिंह द्वारा मैन ऑफ द मैच की ट्रॉफी प्रदान की गई।

**फाइनल मैच आज लहार एबम रौन के बीच**-सेमीफाइनल में बिजयी होकर आयी लहार एबम रौन टीम का मैच कल सुबह 10 बजे से होगा।

# विकास और निर्माण कार्यों को समय पर पूरा करायेः कलेक्टर

## जनपद पंचायत विजयपुर के सभागार में बैठक आयोजित, राजस्व विभाग के कार्यों की भी समीक्षा

**श्योपुर। न**वागत कलेक्टर सुश्री प्रतिभा पाल ने कहा है कि राज्य शासन द्वारा विकास और निर्माण कार्यों को आगे बडाने के निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं इसी क्रम में श्योपुर जिले के विकास के साथ विजयपुर क्षेत्र में सचालित विकास एंव निर्माण कार्यों को समय सीमा में पूरा करवे। इसकी प्रकार राजस्व विभाग के अन्तर्गत संचालित कार्यों में भी गति लाई जाये। वह आज जनपद पंचायत विजयपुर के सभागार में विकास एंव राजस्व अधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रही थी। बैठक में जिला पंचायत के सी.ई.ओ. श्री हर्ष सिंह, एस.डी.एम.विजयपुर श्री त्रिलोकचन्द्र गौड, तहसीलदार श्री अशोक गोवाडिया, अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। नवागत कलेक्टर सुश्री प्रतिभा पाल ने कहा कि जनपद क्षेत्र विजयपुर के अंतर्गत पदस्थ विभागीय अधिकारी अपने क्षेत्र की शालाओ का निरीक्षण करना सुनिश्चित करे। साथ ही शिक्षको की उपस्थित और छात्रो के पढाई के स्तर को सुधारने की दिशा में सहयोग प्रदान करे। उन्होने कहा कि मनरेगा में लक्ष्य के अनुरूप कार्य को



पूर्ण किया जावे। इसी प्रकार आवासो के कार्य भी कम्पलीट कराये जावे। उन्होने कहा कि गौशालाओ के निर्माण कार्यो को गति प्रदान की जावे साथ ही गौशालाओ का निर्माण कार्य समय सीमा में पूरा कराया जावे। उन्होने कहा कि विभिन्न कार्यालयो में कर्मचारी समय पर उपस्थित रहे। इस व्यवस्था को विभागीय अधिकारी सुधारे। शासकीय कार्य समय पर संपादित किया जावे। योजना और विकास कार्यो को एसडीएम के संज्ञान में लाया जावे। उन्होने कहा कि रबी की बोनी 85 प्रतिशत हो गई है। यह बोनी शत प्रतिशत होनी चाहिए। नवागत कलेक्टर ने कहा कि गिरदावरी मे कृषि विभाग का अमला भी सहयोग करेगा। उन्होने कहा कि हाट बाजार से सब्जी का विक्रय वर्तमान में किया जा रहा है। प्याज, मिर्ची, मटर का भी रकबा बढाने के प्रयास किये जावे।
उन्होने कहा कि विजयपुर ब्लॉक सभी योजनाओ में अच्छी रैंक प्राप्त करे। इस दिशा में विभागीय अधिकारी बेहतर कार्य करे। उन्होने कहा कि सीएम हेल्पलाइन में क्षेत्र की दर्ज शिकायते एक सप्ताह में निराकृत कराई जावे। विभाग प्रमुख इस दिशा में कार्यवाही सुनिश्चित करे। साथ ही एल-1 अधिकारी पर शिकायत पहुचने के बाद उसका शीघ्र निदान किया जावे। इसी प्रकार मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम की हकीकत जानी जावे। आगामी बोर्ड परीक्षाओ का रिजल्ट सुधारा जावे। बीईओ निरंतर निरीक्षण करें। बीआरसी, बीएसी भी शालाओ का प्रतिदिन निरीक्षण करे। जिससे 100 प्रतिशत उपस्थित विद्यालयो में सुनिश्चित हो सके। आगनबाडी केन्द्रो का भी निरीक्षण किया जावे। जिसमें प्री एजुकेशन की पढाई आगनबाडी मे होनी चाहिए। नवागत कलेक्टर सुश्री प्रतिभा पाल ने जनपद कार्यालय विजयपुर एंव तहसील कार्यालय का निरीक्षण किया। साथ ही कार्यालयीन कार्य पद्धति की जानकारी एस.डी.एम., सीईओ जनपद, तहसीलदार से प्राप्त की। कलेक्टर सुश्री प्रतिभा पाल ने कहा कि पटवारी एवं आरआई अपने सभी कार्यो को समय पर संपादित करे। साथ ही गिरदावरी में तहसील कराहल अव्वल स्थान प्राप्त करे। इस दिशा में सजग होकर उपलब्धी हासिल करे। डायवर्सन का लाभ पात्र किसानो को मिलना चाहिए। इस कार्य में तेजी से कार्यवाही की जावे। उन्होने कहा कि गिरदावरी को 100 प्रतिशत पूरा करे। उन्होने गांव की घटना की सूचना वरिष्ठ अधिकारियो को तत्काल दी जावे।

# कालाबाजारी के खिलाफ भाजपा ने गल्लामंडी में धरना दिया

**ग्वालियर।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रदेश में किसानों की बदहाली, कर्जमाफी, अतिवृष्टि मुहावजा और यूरिया खाद्य की कमी एवं कालाबाजारी के विरोधस्वरूप प्रदेशव्यापी खेत धरना शनिवार को लक्ष्मीगंज गल्लामंडी में किसान मोर्चा द्वारा आयोजित प्रदर्शन को जिलाध्यक्ष देवेश शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि मोदी सरकार द्वारा मध्यप्रदेश को भरपूर मात्रा में यूरिया, खाद देने के बाद भी मध्य प्रदेश की कमलनाथ सरकार किसानों को नहीं दे रही है ऐसा क्यु? भरपूर मात्रा में यूरिया है, खाद है पर किसानों को नहीं मिल रहा, अगर मिल भी रहा है तो अधिक दामों में मिल रहा है। किसानों की कमर तोड़ने का काम कमलनाथ सरकार कर रही है। आप सब जानते हैं कि विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी मध्य प्रदेश आए और कहा था किसानों का 2 लाख का कर्जा माफ करेंगे, 6 हजार रुपए बेरोजगारी भत्ता देंगे, सरकार बनने के 10 दिन के अंदर काम नहीं हुआ तो मुख्यमंत्री साफ कर देंगे, ना तो कर्जा माफ हुआ, ना ही बेरोजगारों को भत्ता मिला, न ही मुख्यमंत्री साफ हुआ।

मध्यप्रदेश की पूर्व मंत्री माया सिंह ने प्रदेश की कमलनाथ सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस को प्रदेश में सत्ता में आए हुए एक साल हो चुके हैं, लेकिन सालभर में कांग्रेस ने एक भी ऐसा काम नहीं किया, जो उनके घोषणा पत्र में था। अपने वचन पत्र में बड़े-बड़े वायदे करके व झूठ के सहारे कांग्रेस प्रदेश की सत्ता पर काबिज हुई। अब सरकार सब वायदे भूल गई है। पूरे प्रदेश में हाहाकार मचा हुआ है। मंत्री-विधायक लूट--खसोट में लगे हैं। तबादला व अवैध खनन उद्योग शुरू हो गया है। बिजली कटौती से ग्रामीण क्षेत्र की जनता त्रस्त है। यूरिया के लिए किसानों को लाठियां खानी पड़ रही है। किसानों का कर्ज माफ करने का जो वादा किया था, उससे सरकार मुकर गई है। अतिवृष्टि से तबाह हुए किसानों को मुआवजा नहीं दिया गया। कमलनाथ सरकार को प्रदेश की जनता की बिलकुल भी चिन्ता नहीं है। वह जनता के साथ धोखा कर रही है। प्रदेश का किसान यूरिया के लिए दिन-रात परेशान हैं। इन किसानों की समस्या सुलझाने की बजाय प्रदेश सरकार दिल्ली में प्रदर्शन करने में मस्त है। आज के खेत धरना प्रदर्शन को पूर्व मंत्री ध्यानेंद्र सिंह, जिला उपाध्यक्ष अशोक जादौन, किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष भरत दांतरे ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर जिला महामंत्री कमल माखीजानी, जयप्रकाश राजौरिया, सभापति राकेश माहौर, जिलामंत्री दीपक शर्मा, विनोद शर्मा, प्रमोद खंडेलवाल, गंगाराम बघेल, रमेश सेन, जयंत शर्मा, प्रयाग तोमर, चेतन मंडलोई, बृजमोहन शर्मा, विकास गिरि, विवेक प्रताप सिंह चौहान, नूतन श्रीवास्तव, धर्मेंद्र कुशवाह, अरूण कुशवाह, चेतन सोनी, संतोष गोडयाले सहित सैकडों कार्यकर्ता मौजूद थे।



जन उत्थान न्यास ने करने एवं पिंकी के परिवार को

# 21-21 हजार रूपये की आर्थिक सहायता प्रदान की

**ग्वालियर।** गरीबों की मदद करने वाली शहर की सक्रिय सामाजिक संस्था जन उत्थान न्यास की ओर से दो परिवारों को 21-21 हजार रूपये की आर्थिक सहायता न्यास के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. सतीष सिंह सिकरवार ने पीडित परिवारों के निवास पर पहुंच कर प्रदान की। दिनांक 2 दिसंबर को गणेष कॉलोनी नया बाजार में तलघर की खुदाई के दौरान मिट्टी धंसकने से पिंकी प्रजापति पुत्र जगराम प्रजापति निवासी जिंसी नाला नं.1 एवं करन प्रजापति पुत्र काषीराम प्रजापति निवासी नारायण विहार कॉलोनी गोला का मंदिर की मृत्यु हो गई थी। पिंकी एवं करन अपने-अपने परिवार में अकेले कमाने वाले थे, इन दोनों पर पूरे परिवार की जिम्मेदारी थी। पिंकी के परिवार में दो बेटे, माता-पिता, पत्नि है एवं करन के परिवार में पत्नि, दो बेटे, एक बेटी है। पिंकी और करन की मृत्यु के बाद इन दोनों परिवारों में कोई भी कमाने वाला नही है एवं दोनों परिवारों की आर्थिक स्थिति अत्यंत दयनीय है। वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. सिकरवार आज दोनों परिवारों से मिलने उनके निवास स्थान पर पहुँचे और षोक संवेदना व्यक्त की एवं 21-21 हजार रूपये की आर्थिक सहायता प्रदान की। डॉ. सिकरवार ने पीडित परिवारों को भरोसा दिलाया की आपका भाई सतीष हर समय आपकी मदद करने के लिए खड़ा है और कभी भी आपको किसी भी तरह की परेशानी हो तो बिना किसी संकोच के आप मेरे पास आ सकते है। डॉ. सिकरवार ने कहा कि न्यास द्वारा आपको हर संभव मदद की जायेगी। डॉ. सिकरवार ने कहा कि न्यास का हर संभव प्रयास रहता है कि गरीब, पीडित, शोषित वर्ग की भलाई के लिए अग्रणी भूमिका निभाई जाये और उसमें न्यास भी सफल रहा है। जब भी इन वर्गो को चाहे पारिवारिक विवाह का कार्यक्रम हो, चाहे बीमार पीड़ित हो सभी वर्गो का सहयोग किया जा रहा है। हमारी संस्था गरीबों की भलाई करने में कभी पीछे नहीं रहती है। आर्थिक सहायता प्रदान करते हुये डॉ. सिकरवार के साथ वीर सावरक मण्डल अध्यक्ष जयंत शर्मा, पार्षद वार्ड क्रमांक 28 पुरूषोत्तम टमोटिया, प्रमोद जैन, अवधेश कौरव, सुरेश प्रजापति, अंकित कटठ्ल, हिमांषु कीकन, नारायण प्रजापति, बलदेव प्रजापति, अशोक प्रजापति, संतोश प्रजापति, जगदीष प्रजापति आदि मौजूद रहे।



लायनेस क्लब का 16वां

# तीन दिवसीय समागम 31 जनवरी 2020 से ग्वालियर में

**ग्वालियर।** लायनेस की अखिल भारतीय 16 वीं तीन दिवसीय कान्फ्रेंस-2020का आयोजन ग्वालियर के एलएनआईपीई में किया जायेगा। यह आयोजन 31जनवरी 2020 की रात से शुरू होगा और दो फरवरी 2020 तक चलेगा। उक्त जानकारी आज पत्रकारों को देते हुए 16 वीं ऑल इंडिया लायनेस कान्फ्रेंस-2020 की चेयरपर्सन लायनेस मेजर डॉ. आशा माथुर ,अध्यक्ष लायनेस स्वर्णलता टी, सचिव अरूणा गंगाजलीवाले ने बताया कि लायनेस समागम लायंस की महिला विंग द्वारा आयोजित किया जा रहा है। इसका थीम फ्रेंडशिप , यूनिटी एवं सर्विस है। उन्होने बताया कि लायनेस क्लब की महिलाएं आपस में पैसे एकत्र कर जन सेवा के अभियान को करती हैं। वहीं महिलाएं किसी भी त्यौहार को गरीब मलिन बस्ती में जाकर लोगों के साथ मनाती हैं। मध्यप्रदेश के ग्वालियर में लायनेस क्लब का इतना बडा कार्यक्रम पहली बार होने जा रहा है। इसमें लगभग सात सौ चुनिंदा महिलाएं भाग लेंगी। कार्यक्रम एलएनआईपीई के सभागार में होगा। उन्होने बताया कि इस समागम के लिए 31 जनवरी 2020 की रात्रि में महिला प्रतिनिधियों का आना शुरू हो जायेगा। एक फरवरी 2020 को पंजीयन तथा पूर्व प्रांताध्यक्षों की बैठक के बाद शाम को साढे चार बजे से डेक्लेमेशन प्रतिस्पर्धा प्रारंभ की जायेगी। जिसमें प्रांत से केवल एक ही प्रतिभागी लायनेस सम्मिलित की जायेगी। इस स्पर्धा का विषय महिला द्वारा किये जा रहे सेवा कार्य वर्तमान पीढी के लिए प्रेरणा एवं आगामी पीढी के लिये नींव का काम करेंगे । इसके उपरांत लोकनृत्य प्रतिस्पर्धा प्रारंभ की जायेगी। दो फरवरी को कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण बैनर परेड होगी। यह बैण्ड परेड सात बजकर 30 मिनट से शुरू होगी इसमें बैनर प्रेजेन्टेशन स्पर्धा होगी। रंग विरंगे प्रांतीय वेशभूषा में परेड का प्रदर्शन देखने लायक होता है। इसके बाद प्रातः 10 बजकर 30 मिनट पर अखिल भारतीय लायनेस कान्फ्रेंस का उदघाटन किया जायेगा। इसी सत्र में विराजिता सोवीनियर एवं डायरेक्टरी का विमोचन अतिथियों द्वारा किया जायेगा। शाम के सत्र में प्रतिस्पर्धा में विजेताओं को अवार्ड दिये जायेंगे। अखिल भारतीय लायनेस कान्फ्रेंस का बैनर तथा मशाल आगामी 2021 के लिए आगामी चेयरपर्सन, अध्यक्ष एवं होस्ट कमेटी को ससम्मान दी जायेगी। इस अवसर पर इंदू मेहता , रंजना चतुर्वेदी, शशी प्रभा दीक्षित, मीनाक्षी माथुर आदि मौजूद थी।




## नागरिक परिषद 15 को करेगी विजय दिवस का आयोजन

**ग्वालियर।** भारत द्वारा बांग्लादेश को 16 दिसंबर 1971 को मुक्त कराने पर मनाये जाने वाला विजय दिवस नागरिक परिषद ग्वालियर 15 दिसंबर रविवार को आईआईटीटीएम के सभागार में आयोजित करेगी। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता सेवा निवृत्त मेजर जनरल एसपी सिन्हा तथा अधिवक्ता उच्चतम न्यायालय विधि सलाहकार जम्मू काश्मीर होंगे। उक्त जानकारी आज पत्रकारों को देते हुए नागरिक परिषद ग्वालियर के आशीष अग्रवाल , डॉ. वीके डबास ने बताया कि 1971 में ढाका विजय दिवस भारतीय सशस्त्र बल के अदम्य साहस वीरता का प्रतीक था। नागरिक परिषद 1972 से 16 दिसंबर को निरंतर विजय दिवस के रूप में आयोजन करता रहा है। इस वर्ष आयोजित विजय दिवस कार्यक्रम में जहां सेना और सीमा सुरक्षा बल के शहीदों के परिजनों का सम्मान किया जायेगा वहीं सीआरपीएफ के पुलवामा में हुए शहीदों के परिजनों के लिए चार लाख 25 हजार रूपये का चैक निदेशक सीआरपीएफ को दिया जायेगा।



आज स्वामी विवेकानंद सेवा समिति द्वारा संकट मोचन हनुमान मंदिर पड़ाव पर साधन हीन लोगों को वस्त्र वितरण किए गए वस्त्र वितरण स्वामी विवेकानंद सेवा समिति के संयोजक नूतन श्रीवास्तव के नेतृत्व में किए गए इस अवसर पर स्वामी विवेकानंद सेवा समिति के संयोजक नूतन श्रीवास्तव पुरुषोत्तम शर्मा संजीव शर्मा श्रीमती सरोज पवैया श्रीमती निष्ठा सिंह रणदीप सिंह बृजेश शर्मा राजेश तोमर तरुण चतुर्वेदी मुकेश कुलश्रेष्ठ अतुल गोष्ट शुभम त्रिपाठी रवि प्रजापति आदि समिति के लोग उपस्थित थे सर्दियों के मौसम में गरम कपड़ों का किया वितरण शहर की कड़कड़ाती सर्दी में साधन हीन लोग हमारे बुजुर्ग माता-पिता एवं छोटे-छोटे बच्चे जिनके पास सर्दी के बचाव के लिए कपड़े नहीं होते उन जरूरत बंधुओं को आज मंशापूर्ण हनुमान जी पड़ाव पर गर्म कपड़ों का वितरण किया गया।



# पड़ाव पुल के पास अवैध निर्माण को प्रशासन ने ढहाया

**ग्वालियर।** पड़ाव पुल के पास रेलवे ओवरब्रिज के पास बनायी जा रही इमारत को आज सुबह जिला प्रशासन ने ढहा दिया। कमलनाथ सरकार द्वारा भूमाफिया के खिलाफ कड़ा रूख अपनाये जाने के बाद शहर में अवैध निर्माणों को जिला प्रशासन द्वारा हटाया जा रहा है। इसी क्रम में आज सुबह पड़ाव पुल के पास बनी इमारत पर बुल्डोजर चलाकर इसकी चौथी मंजिल को ढहा दिया। इस दौरान तनाव के हालात बने,लेकिन अधिकारियों और पुलिस बल की मौजूदगी के चलते निर्बाध रूप से तोड़फोड़ जारी रही। बताया जाता है कि पड़ाव पुल के पास विनोद सेठ द्वारा बहुमंजिला इमारत का निर्माण कर गया था, जिसे चौथी मंजिल बनानें की मंजूरी नहीं मिली थी, इसके बावजूद इसने अपनी पहुंच का फायदा उठाकर निर्माण जारी रखा। कार्यवाही के दौरान कलेक्टर अनुराग चौधरी, नगर निगम आयुक्त संदीप माकिन,अपर आयुक्त नरोत्तम भार्गव,एसडीएम शिवांगी पांडे तथा अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# जिलाध्यक्ष की घोषणा न होने से देवेश शर्मा के मजे

**ग्वालियर।** भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष के लिए अब 3 नामों में पेच फंस गया है। तीनों नाम एप्रोच फुल होने के कारण भाजपा का प्रदेश आलाकमान ग्वालियर जिलाध्यक्ष का नाम घोषित नहीं कर पा रहा हैं। जिलाध्यक्ष के लिए चल रहे इन तीन भाजपा नेताओं में राजेश सोलंकी, राकेश जादौन और सतीश सिकरवार के नाम हैं। तीनों भाजपा नेता येन केन प्रकारेण भाजपा जिलाध्यक्ष बनना चाहते है और इसके लिए हरसंभव जोड़तोड़ में लगे हैं। ज्ञातव्य है कि पिछले दो माह से चल रही भाजपा के संगठनात्मक चुनाव की प्रक्रिया में ग्वालियर जिलाध्यक्ष का नाम भाजपा के बड़े नेताओं की गुटबाजी के कारण उलझकर रह गया है। केन्द्रीय मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर, भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रभात झा, सांसद विवेक नारायण शेजवलकर, पूर्व मंत्री अनूप मिश्रा, डॉ. नरोत्तम मिश्रा, माया सिंह हर कोई अपना पसंदीदा भाजपा नेता के सिर पर जिलाध्यक्ष की ताजपोशी कराना चाहता है, ताकि ग्वालियर जैसे भाजपा के मूल गढ़ में उनका नामलेवा चलता रहे। लेकिन मजे की बात यह है कि सब नेताओं के चेले चपाटों के नामों के कारण ही भाजपा जिलाध्यक्ष की घोषणा अब लटक गई है। यह घोषणा भाजपा प्रदेश आलाकमान की गले की हडडी बन गया है। इसी कारण ग्वालियर जिलाध्यक्ष पद के लिए नाम ही घोषित नहीं हो पा रहा हैं।

भाजपा नेताओं की गुटबाजी के चलते अब आखिरी दौर में तीन स्थानीय भाजपा नेताओं के नाम जिलाध्यक्ष के पैनल में आ गये हैं। जिसमें संघ कोटे के राजेश सोलंकी, पूर्व साडा अध्यक्ष व तोमर समर्थक राकेश जादौन और पार्षद डॉ. सतीश सिंह सिकरवार के नाम बताये जाते हैं। अब भाजपाइयों की आपसी उठापटक व ग्वालियर में गरमाई राजनीति के चलते जिलाध्यक्ष की घोषणा संघ सेंटर समिधा से भी राय मांगी गई हैं। ऐसा माना जा रहा है कि यदि संघ की पसंद से ग्वालियर जिलाध्यक्ष का नाम तय हुआ तो संघ से भाजपा में एन्ट्री करने वाले राजेश सोलंकी ही भाजपा के जिलाध्यक्ष होंगे। ज्ञांतव्य है कि राजेश सोलंकी पूर्व भाजपा नेता व गर्वनर रहे प्रो. कप्तान सिंह सोलंकी के सुपुत्र हैं। इसके अलावा ग्वालियर जिलाध्यक्ष के लिये अब सांसद विवेक नारायण शेजवलकर भी संघ मुख्यालय नागपुर से अपने खास समर्थक कमल माखीजानी के लिये वीटो लगवा सकते हैं। जैसे उन्होंने महापौर व सांसद के लिए अपना स्वयं का वीटो लगवाया था। कुल मिलाकर ग्वालियर भाजपा जिलाध्यक्ष का मामला पूरे प्रदेश में सुर्खियों पर है। विवाद के कारण भाजपा आलाकमान घोषणा की जल्दबाजी से बचना चाह रहा है। जिलाध्यक्ष की घोषणा न होने से वर्तमान कार्यरत जिलाध्यक्ष देवेश शर्मा जमकर अध्यक्षी के मजे ले रहे है।

## रिटायर्ड हास्टल अधीक्षक के घर से जेवर व नगदी पार

**ग्वालियर।** बहोड़ापुर थाना क्षेत्र के आनंद नगर में बेटी से मिलने गई रिटायर्ड अफसर के घर के ताले तोड़कर चोर सोने व चांदी के जेवर सहित अन्य कीमती सामान चोरी कर ले गये। घटना का पता चलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद मामला दर्ज कर अज्ञात चोरों की तलाश शुरू कर दी है। बहोड़ापुर थाना पुलिस ने बताया कि बी ब्लॉक आनंद नगर निवासी उषा खानविलकर रिटायर्ड अफसर है और वह कुछ समय पूर्व ही पिछोर कन्या हॉस्टल से अधीक्षिका के पद से सेवानिवृत हुई है। उसके एक बेटा यशपाल और बेटी सोनिया है। बेटा बैतूल में शासकीय सेवा में है,जबकि बेटी का विवाह महाराष्ट्र में हुआ हैं। दो दिन पहले उषा खानविलकर अपनी बेटी से मिलने महाराष्ट्र गई थी और घर की देखभाल की जिम्मेदारी पड़ोसी अशोक अग्रवाल को दे गई थी। बीती रात चोरों ने उनके घर के ताले चटकाकर अंदर प्रवेश किया और अलमारी में रखे सोने व चांदी के जेवर के साथ ही अन्य कीमती सामान पार कर ले गये। वारदात का पता सुबह चला जब अशोक अग्रवाल ने ताले टूटे देखे।













स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478